Tirupati Balaji Group / Established 2009 / Ghaziabad
R.N.I No. UPBIL/2009/28691, DAVP Code: 101473

Page 8 / Price Rs. 2.00 / Ghaziabad, Sunday, 12 January 2020
Postal Registration No. UP/GBZ-80/2016-18

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Vol./Year-11 Issue - 32

Hindi / English (Bi-Lingual) Weekly Ghaziabad
केन्द्र एवं उ0प्र0 सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

www.tbcgzb.com

**News of the Week** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण  के अनुरोध पर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने 65 टोल नाकों को 30 दिनों के लिए फास्टैग के नियमों में कुछ ढील दी है। क्योंकि लोग अभी भी वहां टोल टैक्स का ज्यादा भुगतान नकद करते हैं।

**Inside Ghaziabad**

पेज नंबर 2
जमीन न मिलने के कारण देश के पहले राजनीतिक...

पेज नंबर 5
GDA officials skip first meet with ...

## TIRUPATI EYE

### चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संगठन के चुनाव रद्द

गाजियाबाद : स्वास्थ्य विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संगठन का चुनाव रद्द कर दिया गया है। सीएमओ ने बताया कि इस संबंध में शिकायत मिलने के बाद चुनाव रद्द कर दिए गए हैं, अब संगठन की प्रदेश इकाई की ओर से चुनाव की संस्तुति आने पर ही दोबारा से चुनाव करवाए जाएंगे।

### वाराणसी बम कांड में वलीउल्लाह पेश

गाजियाबाद : जिला जज की अदालत में सोमवार को वाराणसी बम कांड के मुख्य आरोपी वलीउल्ला को कड़ी सुरक्षा में डासना जेल से लाकर पेश किया गया। अदालत में समय के अभाव के कारण केस की सुनवाई नहीं हो सकी। अदालत ने केस की अगली सुनवाई के लिए 20 जनवरी की तारीख लगाई है। कोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार 7 मार्च 2006 को वाराणसी में संकटमोचन मंदिर और कैंट रेलवे स्टेशन पर बम धमाके हुए थे, जबकि दशाश्वमेध घाट पर बम मिला था।

### सिपाही भर्ती घोटाले में मैनेजर की गवाही

गाजियाबाद : सीबीआइ की विशेष अदालत में सोमवार को बिहार के सीआरपीएफ में हुए सिपाही भर्ती घोटाले के मामले में बैंक मैनेजर की गवाही हुई। विशेष न्यायाध्ीश अमित वीर सिंह की अदालत में एसबीआई बैंक के मैनेजर विनोद मौर्य ने केस के संबंध में अपने बयान दर्ज कराए। अदालत में 11 फरवरी को अगली सुनवाई होगी। बिहार में सीआरपीएफ के सिपाहियों की भर्ती में घोटाला हुआ था।

# रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर ने मकर संक्रांति पर लगाया भंडारा

## सेक्टर–12 स्थित फ्रैंडस कॉपरेटिव सोसायटी के गेट नंबर–दो के सामने लगा भंडारा






वसुंधरा : रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर ने मकर संक्रांति पर वसुंधरा सेक्टर–12 स्थित फ्रैंडस कॉपरेटिव सोसायटी के गेट नंबर–दो के सामने भंडारे का आयोजन किया। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। सुबह साढ़े 11 बजे भगवान को भोग लगाकर भंडारे की शुरूआत हुई। इसके बाद खिचड़ी व हलवे का प्रसाद लोगों को वितरित किया गया। रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर के चार्टर प्रेसिडेंट डा.धीरज भार्गव ने बताया कि इस दिन सूर्य धनु राशि को छोड़कर मकर राशि में प्रवेश करते है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन भगवान भास्कर अपने पुत्र शनि से मिलने स्वयं उसके घर जाते हैं। चूंकि शनिदेव मकर राशि के स्वामी हैं। अतः इस दिन को मकर संक्रांति के नाम से जाना जाता है। इस दिन खिचड़ी खाने एवं खिचड़ी दान देने का अत्यधिक महत्व होता है। इस मौके पर डा.धीरज भार्गव के अलावा मनीषा भार्गव, पुनित मित्तल, राजेश मिश्रा, अपूर्व राज, विक्रम, संजय व चंदन आदि ने सहयोग किया।

## राजनगर एक्सटेंशन वासियों को मिलेगी सीएनजी फिलिंग स्टेशन की सौगात

गाजियाबादः राजनगर एक्सटेंशन में रहने वाले लोगों को सीएनजी भरवाने के लिए अब लंबी दूरी और घंटों इंतजार नहीं करना होगा। राजनगर एक्सटेंशन से सटे सद्दीकनगर में नया सीएनजी फिलिंग स्टेशन खुलने का जल्द रास्ता साफ हो जाएगा। यहां आईजीएल के सीएनजी फिलिंग स्टेशन पंप खोलने के लिए जीडीए विशेष अनुमति प्रदान करेगा। जीडीए की बोर्ड बैठक में इस बाबत एक प्रस्ताव रखा जाएगा। इससे पहले जीडीए की ओर से 16 नए पंपिंग स्टेशन खोलने को अनुमति प्रदान की जा चुकी है। जीडीए नियोजन अनुभाग नए सीएनजी पंपिंग स्टेशन खोलने को अनापत्ति प्रमाण–पत्र (एनओसी) जारी कर चुका है। दुहाई में खुलने वाले सीएनजी पंपिंग स्टेशन का नक्शा भी पास हो चुका है। इस फिलिंग स्टेशन के फरवरी तक खुलने की संभावना है। सीएनजी वाहनों की गाजियाबाद सहित दिल्ली व एनसीआर के अन्य शहरों में बढ़ती संख्या के मद्देनजर नए पंपिंग स्टेशन खोलने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जीडीए की ओर से नौ नए और सात पुराने सीएनजी पंपिंग स्टेशन के प्रस्तावों को मंजूरी देने के बाद अब राजनगर एक्सटेंशन से सटे सद्दीकनगर के प्लॉट नंबर 273 व 246 पर सीएनजी फिलिंग स्टेशन खोलने के लिए विशेष अनुमति संबंधी प्रस्ताव तैयार किया गया है।

## DM issues new set of guidelines for processing arms licence

**GHAZIABAD:** The district administration has come with a new set of instructions to streamline the process of issuing gun licenses. A deadline has been set for the police and the administrative officials who will go through the arms application forms. For police, the prescribed limit is 30 days, while the tehsil office will have to complete the scrutiny in 15 days and submit its report. Moreover, the applicant will not be called to the police station or the government office in relation to the arms license. Instead, the police and the administration official will conduct the verification by going to the spot. District magistrate Ajay Shankar Pandey said strict action will be taken against officials if any delay or malpractice come to the light. He added if any complaint regarding bribe is received, an inquiry will be conducted and action will be taken against the erring official accordingly. Simultaneously, officials have been directed to approve or reject the application on a merit basis. The DM has also formed a high-level committee at the headquarters level to monitor the entire process.

## जमीन न मिलने के कारण देश के पहले राजनीतिक प्रशिक्षण केंद्र का निर्माण अटका

गाजियाबाद : देश के पहले राजनीतिक प्रशिक्षण केंद्र का निर्माण कार्य एक साल में एक इंच आगे नहीं बढ़ पाया है। जमीन पर अवैध कब्जे की वजह से उत्तर प्रदेश जल निगम की कंस्ट्रक्शन एवं डिजाइन सर्विस (सीएंडडीएस) विंग कार्य नहीं कर पा रही। नगर निगम को जमीन कब्जा मुक्त कराकर कराकर देनी थी। जिसे निगम खाली नहीं करा पा रहा है। इस लापरवाही की वजह से परियोजना में देरी हो रही है। यह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है। उन्होंने पिछले वर्ष जनवरी में इसका शिलान्यास किया था। सिहानी गांव में इस परियोजना के लिए नगर निगम ने एलएमसी की 51 हजार 200 वर्ग मीटर जमीन दी थी। इसे बनाने के लिए 221 करोड़ 44 लाख 90 हजार रुपये की लागत आंकी गई थी। इस आधार पर राज्य सरकार ने अपने बजट में राजनीतिक प्रशिक्षण केंद्र के लिए 60 करोड़ रुपये दिए थे। लक्ष्य तय किया गया था कि सीएंडडीएस विंग 24 महीने में इसका निर्माण पूरा करेगी। इसके लिए सीएंडडीएस ने नगर निगम से पूरी जमीन मांगी थी। इसमें से अब अब तक मात्र 38 हजार 500 वर्ग मीटर जमीन उपलब्ध हुई है। 12 हजार 700 वर्ग मीटर जमीन पर अवैध कब्जा बरकरार है।

## अवैध निर्माण पर जीडीए ने की सीलिंग की कार्रवाई

साहिबाबाद : ट्रांस हिंडन एरिया में अवैध निर्माण पर रोक लगाने के लिए जीडीए की टीम ने निगरानी बढ़ा दी है। राजेंद्र नगर के बाद बुधवार को इंदिरापुरम में जीडीए की प्रवर्तन विभाग की टीम ने अवैध निर्माण पर सीलिंग लगाने की कार्रवाई की। टीम ने शक्तिखंड–2 में एक बेसमेंट और ज्ञानखंड–1 में अतिरिक्त यूनिट बनाकर किया जा रहा अवैध निर्माण जीडीए ने सील लगाकर रुकवा दिया है। जीडीए की कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है। जीडीए के अवर अभियंता आदेश्वर त्यागी ने बताया कि इंदिरापुरम के शक्तिखंड–2 सी–1 में अवैध तरीके से बेसमेंट का निर्माण कार्य किया जा रहा था।

## चोरी हुई बाइक का ढाई साल बाद हुआ ई–चालान

गाजियाबाद : चोरी के वाहनों को बरामद करने में गाजियाबाद पुलिस भले ही नाकाम साबित हो रही है, लेकिन चोरी की बाइक चलाने वाले ट्रैफिक पुलिस के कैमरे से नहीं बच पा रहे। ढाई साल पहले चोरी हुई बाइक का ई–चालान हुआ है, जबकि पुलिस ने बाइक न ढूंढ़ पाने के बाद एफआर(अंतिम रिपोर्ट) लगा दी थी। चालान नवंबर–2019 में हुआ, जिसकी शिकायत पीड़ित सीओ ट्रैफिक कार्यालय में करने पहुंचे थे। छपरौला निवासी यदुवीर सिंह ने बताया कि कविनगर थानाक्षेत्र के शनि बाजार से नौ जुलाई 2016 को उनकी स्प्लेंडर बाइक चोरी हुई थी। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराई, लेकिन पुलिस बाइक को बरामद नहीं कर पाई। कुछ दिन बाद मामले में एफआर भी लगा दी गई। बीती 28 नवंबर को उनकी बाइक का ई–चालान हुआ। चालान बिना हेलमेट बाइक चलाने की धारा में कर 500 रुपये का जुर्माना जमा कराने का आदेश दिया गया। चालान डाक द्वारा घर पहुंचा तो उन्हें इसे जानकारी हुई। एसपी ट्रैफिक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे सभी वाहन का नल–कॉन्टैक्ट चालान किया जा रहा है।

## एंजल मॉल के मालिक के एनबीडब्लूए जारी

गाजियाबाद : अदालत ने मंगलवार को एंजल मॉल के मालिक के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए हैं। अदालत ने यह वारंट चेक बाउंस होने के मामले में दिए हैं। नगर निगम की ओर से कोर्ट में उनके केसों की पैरवी करने वाले अधिवक्ता भूपेंद्र त्यागी ने बताया कि साहिबाबाद क्षेत्र के कोशांबी इलाके में एंजल मॉल है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2017–18 के बीच मॉल पर नगर निगम का टैक्स 53 लाख 33 हजार 416 रुपये बकाया था। मॉल के मालिक पंकज जैन ने टैक्स के रुपये देने के लिए नगर निगम को 12 चेक दिए थे, जोकि बाद में बाउंस हो गए। इसके बाद नगर निगम के अधिकारियों ने चेक बाउंस होने पर कोर्ट में मुकदमा दायर कर दिया था।

## ढोल की थाप पर किया भांगड़ा, मनाया लोहड़ी का त्योहार



गाजियाबाद : सुंदरिए मुंदरिए हो, तेरा कौन विचारा हो, दुल्ला भट्टी वाला हो, दुल्ले दी धी ब्याही हो, सेर शक्कर पाई हो जैसे लोकगीतों के साथ सोमवार को लोहड़ी का पर्व सोमवार को शहर भर में धूमधाम से मनाया गया। पर्व की धूम ऐसे परिवारों में ज्यादा रही, जिनके यहां हाल ही में कोई शादी हुई या बच्चा पैदा हुआ। सुबह से ही त्योहार को लेकर रौनक शुरू हो गई थी। बाजारों में मूंगफली, रेवड़ी, मक्का के दानों के ठियों के साथ गजक की दुकानों पर भी भीड़ रही। शाम होते ही पर्व का जश्न शहर की विभिन्न कालोनियों के साथ सोसाइटियों में भी शुरू हो गया। लकड़ियां लगाकर उनमें अग्नि प्रज्वलित की गई और परिक्रमा करते हुए मूंगफली, रेवड़ी व मक्का के दाने उसमें डाले गए। इसके बाद उनका प्रसाद वितरित किया गया। जिन परिवारों में नई शादी हुई या बच्चे का जन्म हुआ, उनमें पर्व को यादगार बनाने के लिए दोस्तों, पड़ोसियों और रिश्तेदारों के साथ मिलकर जश्न मनाया गया। कई जगह डीजे पर जमकर डांस हुआ। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील दत्त त्यागी और वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरप्रीत सिंह जग्गी ने संयुक्त रूप से लोहड़ी की अग्नि प्रज्वलित की। इस दौरान बार एसोसिएशन के सभी अधिवक्ताओं ने प्रांगण में इकट्ठे होकर ढोल की थाप पर भांगड़ा किया। इसके बाद सभी अधिवक्ताओं को फुल्ले, रेवड़ी और मूंगफली के पैकेट प्रदान किए गए।

## पासपोर्ट छुड़ाने को कोर्ट की शरण में पहुंचे रेमो डिसूजा

गाजियाबाद : पांच करोड़ की धोखाधड़ी के मामले में आरोपित बॉलीवुड कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा ने गाजियाबाद कोर्ट में पासपोर्ट रिलीज करने को अर्जी लगाई है। इस बारे में पुलिस से रिपोर्ट मांगी गई थी, जो मंगलवार को भेज दी गई है। गौर हो कि रटी निवासी सतेंदर त्यागी ने 2016 में सिहानी गेट थाने में केस दर्ज कराया था कि कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा ने 2013 में अमर....मस्ट डाइय फिल्म बनाने के लिए उनसे पांच करोड़ रुपये का निवेश कराया था। दो गुने रिटर्न का झांसा दिया, लेकिन पांच करोड़ रुपये भी हड़प लिए। बार–बार तलब किए जाने पर पेश नहीं हुए तो 23 सितंबर 2019 को कोर्ट ने रेमो डिसूजा के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए थे।

## तत्काल आवंटन स्कीम में छह माह में बिके 11 ईडब्ल्यूएस फ्लैट

गाजियाबाद : जीडीए की तत्काल आवंटन स्कीम में लोगों ने रुचि नहीं दिखाई। छह महीने में महज 11 ईडब्ल्यूएस फ्लैट ही बिके। जबकि, इस स्कीम के तहत मधुबन–बापूधाम, वैशाली और कौशांबी के 499 फ्लैट बेचने का प्रयास किया गया था। विशेषज्ञों की मानें तो फ्लैट की जर्जर अवस्था और कम बसावट के कारण लोगों ने रुचि नहीं दिखाई। वहीं जीडीए अधिकारी मानते हैं कि इस वक्त बचत की गई धनराशि को निवेश करने से बच रहे हैं। लंबे वक्त बाद जीडीए ने पिछले साल चार जुलाई को तत्काल आवंटन स्कीम लॉन्च की थी। इसमें पहले आओ–पहले पाओ आधार पर आवंटन होना था। इस स्कीम में मधुबन–बापूधाम स्थित 2बीएचके और 3बीएचके के 387 फ्लैट स्कीम में रखे गए थे। 2 बीएचके की कीमत 50.58 से 52.58 लाख रुपये के बीच थी। 3बीएचके की कीमत 60.89 से 69.42 लाख रुपये के बीच रखी गई थी। कौशांबी में गंगोत्री टावर में एक कमरे के 88 फ्लैट भी इस स्कीम का हिस्सा बनाए गए थे। प्रत्येक की कीमत 23 लाख 62 हजार 202 रुपये रखी गई थी। वैशाली में 11.46 से 13.74 लाख रुपये कीमत के 11 ईडब्ल्यूएस, मंदाकिनी अपार्टमेंट में 46.13 लाख रुपये के नौ एमआइजी और अलकनंदा अपार्टमेंट में 46.13 लाख रुपये के सात एमजाइजी फ्लैट इस स्कीम में शामिल थे।

## नजारत घोटाले में 42 आरोपित पेश, एक आरोपित का केस हुआ बंद

गाजियाबाद : सीबीआइ की विशेष अदालत में सोमवार को नजारत घोटाले के मामले में 42 आरोपित पेश हुए। केस के विचारण के दौरान आरोपित चपरासी विजय कुमार की 30 नवंबर 2019 को मौत हो गई थी। सीबीआइ ने उसकी मौत प्रमाण पत्र अदालत में जमा किया, जिसके बाद अदालत ने विजय कुमार का केस बंद कर दिया। अदालत ने केस की अगली सुनवाई के लिए 20 जनवरी की तारीख लगाई है। कोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2001 से 2007 के बीच हुए नजारत घोटाले की जांच सीबीआई कोर्ट की पूर्व जज रमा जैन ने की थी। रमा जैन ने जांच में घोटाला होना पाया।

## अर्थला झील पर होगी बोटिंग, बनेगा पिकनिक स्पॉट

गाजियाबाद : अर्थला झील को पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित किया जाएगा। उसमें बोटिंग की व्यवस्था भी होगी। नगर निगम ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। जल्द इसकी डीपीआर बनवाई जाएगी। भूमाफियाओं से बचाने के लिए निगम ने योजना बनाई है। अर्थला झील का क्षेत्रफल दो लाख तीन हजार 662 वर्ग मीटर है। अतिक्रमण की वजह से इसका क्षेत्रफल घटकर एक लाख 32 हजार वर्ग मीटर रह गया था। एनजीटी के आदेश पर झील की जमीन का कुछ हिस्सा अतिक्रमण मुक्त कराया गया। उसके लिए बड़ी संख्या में मकान तोड़े गए थे। अब भी भूमाफियाओं की नजर झील की जमीन पर टिकी हुई है। वह कब्जा करने के प्रयास में है। इनसे अर्थला झील की जमीन को बचाने के लिए नगर निगम ने वहां पिकनिक स्पॉट बनाने का विचार किया है। झील के चारों ओर रंगीन लाइटिंग की जाएगी। फाउंटेन और म्यूजिकल शो की व्यवस्था भी रहेगी। पिकनिक स्पॉट बनाने के लिए झील के चारों ओर हरियाली की जाएगी। खूबसूरत दिखने वाले पेड़ लगाए जाएंगे। छोटी–छोटी क्यारियां बनाई जाएंगी। उसमें फूलों की पौध लगाई जाएंगी। इसके अलावा लोगों के बैठने के लिए बेंच लगाए जाएंगे।

## पंजीयन जागरुकता अभियान की हुई समीक्षा

गाजियाबाद : अपर मुख्य सचिव, वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश शासन आलोक सिन्हा ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में वाणिज्य कर विभाग के कार्यों की समीक्षा की इस समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव द्वारा मुख्यमंत्री के सर्वोच्च प्राथमिकता वाले पंजीयन जागरूकता अभियान की प्रगति की अद्यतन कृत कार्यवाही की सूक्ष्मता से समीक्षा की गई तथा भविष्य में इस अभियान को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। अपर मुख्य सचिव द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त डिप्टी कमिश्नर्स व अन्य अधिकारियों को पंजीयन जागरूकता अभियान को सफल बनाने के लिए यह स्पष्ट निर्देश दिए गए कि प्रत्येक अधिकारी के द्वारा उनके क्षेत्र में स्थित प्रत्येक पंजीकृत एवं अपंजीकृत व्यापारियों की मैपिंग निर्धारित समय सीमा 20 जनवरी 2020 तक पूर्ण करा लें तथा दिनांक 25 जनवरी 2020 तक समस्त उच्चाधिकारी किए गए मैपिंग कार्य का सत्यापन भी कर लें। सर्विस सेंटर के ऐसे व्यापारियों को भी पंजीकृत कराया जाए जिनके द्वारा बिना उत्तर प्रदेश राज्य में पंजीयन लिए हुए राज्य में सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। समीक्षा बैठक में पंजीयन की प्रगति की समीक्षा के साथ ही राजस्व संग्रह के महत्वपूर्ण बिंदुओं जीएसटी में रिटर्न फाइल न करने वाले व्यापारियों की अधिकारी वार समीक्षा, दाखिल रिटर्न की स्क्रूटनी, बकाया वसूली तथा सचल दल इकाइयों के कार्यों की भी अधिकारी वार समीक्षा की गई।

## एक सप्ताह में जमीनों को अवैध कब्जा मुक्त कराना होगा

गाजियाबाद : सभी अभियंत्रण प्रभारियों को अपने जोन में जीडीए की जमीनों को एक सप्ताह में अवैध कब्जा मुक्त कराना होगा। जीडीए वीसी कंचन वर्मा ने इस संबंध में निर्देश जारी कर तत्काल कार्य योजना मांगी है। जिन जमीनों के कब्जे को लेकर अदालतों के केस चल रहे हैं, उनकी प्रभावी पैरवी करने को कहा गया है। जीडीए के सात अभियंत्रण जोन हैं। इन जोनों में जीडीए की 109.66 हेक्टेयर भूमि पर अवैध कब्जा था। काफी प्रयास के बाद 71.23 हेक्टेयर भूमि कब्जा मुक्त करा ली गई थी। अब भी 38.43 हेक्टेयर भूमि पर अवैध कब्जा बरकरार है। खरबों की इस जमीन को मुक्त कराने में अधिकारी नाकामयाब रहे हैं।

## आदेश के बावजूद आवंटी को पैसा न लौटाने पर बिल्डर के खिलाफ आरसी होगी जारी

गाजियाबाद : आदेश के बावजूद आवंटी को ब्याज समेत जमा धनराशि न लौटाने पर उत्तर प्रदेश भू–संपदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी–रेरा) ने एसवीपी बिल्डर्स इंडिया प्राइवेट के खिलाफ आरसी (वसूली प्रमाण पत्र) जारी करने के लिए डीएम को पत्र भेजा है। उसमें रेरा सचिव अबरार अहमद ने कहा है कि बिल्डर से भू–राजस्व की भांति 24 लाख 16 हजार 157 रुपये 20 पैसे की वसूली की जाए। आवंटी शशांक सिंह ने अप्रैल 2014 में राजनगर एक्सटेंशन में एसवीपी बिल्डर्स इंडिया लिमिटेड के प्रोजेक्ट गुलमोहर गार्डन फेज–दो में फ्लैट बुक कराया था। 31 लाख 11 हजार 262 रुपये फ्लैट की कीमत तय हुई थी। 50–50 भुगतान पद्धति के अनुसार 15 लाख 55 हजार 632 रुपये दे दिए गए। शशांक ने होम लोन लेकर भुगतान किया। तय हुआ था कि एक दिसंबर 2015 तक फ्लैट का कब्जा दे दिया जाएगा। ये वक्त निकल गया। बिल्डर ने पैनल्टी भी अदा नहीं की। बिल्डर के स्तर पर सुनवाई नहीं हुई तो शशांक ने यूपी–रेरा का दरवाजा खटखटाया। उसमें यह आरोप भी लगाया था कि बिल्डर ने वास्तविक प्लान से हटकर निर्माण किया है। हाइड्रॉलिक पार्किंग दी जा रही है। इस मामले में यूपी–रेरा ने बिल्डर का पक्ष सुना।

## डेयरी संचालकों से लिया जाएगा यूजर चार्ज

गाजियाबाद : नगर निगम डेयरी संचालकों से यूजर चार्ज लेने की तैयारी कर रहा है। जल्द इसका प्रारूप तैयार कर चार्ज लेने की प्रक्रिया को शुरू किया जाएगा। निगम अधिकारियों का कहना है कि जब तक डेयरियों को शहर से बाहर करने की व्यवस्था नहीं होती, तब तक यह चार्ज लिया जाएगा। इस वक्त शहर में ढाई हजार से ज्यादा डेयरियां संचालित हो रही हैं। इनका गोबर बाहर फेंका जा रहा है। कई डेयरी संचालक को सबमर्सिबल चलाकर गोबर को पानी के जरिए नाले व नालियों में बहा देते हैं। इससे नाले और सीवर जाम होने की समस्या हो रही है। शासन ने इस समस्या पर निर्देश दिया था कि इन डेयरियों को कैटल कॉलोनी बनाकर शहर से बाहर किया जाए।

## सेव द ह्यूमिनिटी ने गरीबों को बांटे कंबल, दी ठंड से राहत

दिल्ली : ठंड की रातें गरीबों के लिए बहुत भारी पड़ती हैं। उन्हे तलाश रहती है किसी ऐसे मसीहा की जो आकर उनको ठंड से बचा सके। ठिठुरते हुए रात न गुजारनी पड़े। बहुत से गरीब इन सर्दी की रातों में खुले आसमान के नीचे कांपते रहते हैं। हालांकि ऐसे कई लोग हैं जो गरीबों की पीड़ा को समझते हुए नेक कार्य के लिए आगे आते हैं और गर्म कपड़े, कंबल आदि का वितरण कर लोगों को मानव सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। सेव द ह्यूमिनिटी संस्था लगातार इस ठंड में ऐसे गरीब लोगों के लिए मददगार साबित हो रही है। संस्था के अध्यक्ष आकाश कुमार और उनकी टीम ने विगत रात दिल्ली में जगह–जगह ऐसे गरीब लोगों को रजाई, कंबल, चादर और साथ में कुछ पैसे भी दिए जिससे की उनको राहत मिल सकें।



## 20 करोड़ का बकाया, पंचशील बिल्डर का ऑफिस सील

वैशाली : बीस करोड़ रुपये का बकाया नहीं चुकाने पर जीडीए ने वैशाली सेक्टर तीन स्थित पंचशील पेबल्स सोसायटी स्थित बिल्डर के ऑफिस को सील कर दिया। बिल्डर का ऑफिस सील होने के बाद सोसायटी में रह रहे लोग परेशान हैं। उन्हें अपने आशियाने का डर सता रहा है। जीडीए ओएसडी सुशील कुमार चौबे ने बताया कि पंचशील बिल्डर पर जमीन की राशि का करीब 14 करोड़ रुपये बकाया है। वहीं मास्टर प्लान चार्ज के रूप में करीब छह करोड़ रुपये का बकाया है। मामले में कई बार नोटिस जारी करने के बाद भी बिल्डर ने बकाया जमा नहीं करवाया है। इसके बाद बिल्डर के ऑफिस को सील कर दिया गया है।

## अब वैशाली से मयूर विहार मेट्रो रूट की तैयारी हुई शुरू

साहिबाबाद : वैशाली–मोहन नगर और नोएडा–साहिबाबाद रूट पर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) की मुहर लगने के बाद अब ट्रांस हिंडन के लोगों को एक और मेट्रो रूट की सौगात मिल सकती है। नोएडा सांसद महेश शर्मा की संस्तुति के बाद साहिबाबाद विधायक ने वैशाली से वाया नोएडा सेक्टर–18 तक मेट्रो रूट बनाए जाने की मांग उठाते हुए प्रस्ताव तैयार किया है। इस संबंध में विधायक जल्द ही मामले में मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे, अगर प्रस्ताव को हरी झंडी मिलती है तो गाजियाबाद, खोड़ा, दिल्ली और नोएडा के लाखों लोगों का सफर आसान हो जाएगा। नोएडा सेक्टर–62 से साहिबाबाद और वैशाली से मोहन नगर तक के मेट्रो के दो फेज को प्रदेश सरकार से मंजूरी मिल गई है। हालांकि दोनों रूटों के बनने के बाद दिलशाद गार्डन–नया बस अड्डा मेट्रो रूट नोएडा से जुड़ जाएगा, लेकिन खोड़ा, इससे सटे नोएडा के कुछ सेक्टर और मयूर विहार आदि के लोगों को इस रूट का लाभ नहीं मिल सकेगा। इसे देखते हुए पिछले दिनों यूनाइटेड फोरम ऑफ मयूर रेजिडेंट्स ऑफ मयूर विहार फेज–3 एंड नोएडा के पदाधिकारियों ने विधायक सुनील शर्मा से मुलाकात की थी। विधायक सुनील शर्मा ने बताया कि फोरम के पदाधिकारियों का कहना था कि नोएडा सेक्टर–62 रूट बनने से भी खोड़ा, नोएडा सेक्टर–10, सेक्टर–18, गाजीपुर और मयूर विहार के बड़े इलाके को इसका लाभ नहीं मिलेगा।

## फर्जी दस्तावेज बना लिया लोन

गाजियाबाद : युवक के दस्तावेजों में छेड़छाड़ कर लोन ले लिया। पीडित बाइक फाइनैंस कराने पहुंचा तो पता चला कि उसके नाम पर पहले से तीन लोन चल रहे हैं। पीडित ने कविनगर थाने में तहरीर दी है। गुलधर निवासी मुकेश कुमार प्राइवेट जॉब करते हैं। 12 जनवरी को वह बाइक खरीदने के लिए शोरूम गए थे। फाइनैंस डेस्क पर गए चेक करने के बाद बताया गया कि होम क्रेडिट, इंडिया फाइनेंस, इंडसइंड बैंक के लोन पहले से चल रहे हैं। युवक के मुताबिक उन्होंने पहले कोई लोन या फाइनैंस नहीं कराया। सिर्फ बैंक आफ बड़ौदा का क्रेडिट कार्ड ही है।

## मधुबन बापूधाम में अवैध कब्जे रोकने को तीन अधिकारी होंगे तैनात

गाजियाबाद : मधुबन बापूधाम में अवैध कब्जे रोकने के लिए प्राधिकरण तीन अधिकारियों की तैनाती करेगा। इन अधिकारियों का कार्य इस योजना के तहत कब्जा मुक्त कराई गई भूमि के अलावा खाली जमीन पर होने वाले अवैध कब्जे को रोकना होगा। इसके लिए समय–समय पर तीनों अधिकारी अपनी रिपोर्ट देंगे। जीडीए मधुबन बापूधाम योजना को तीन पॉकेटों में बांटेगा। इसकी हर पॉकेट की भूमि को कब्जा होने से बचाने के लिए प्रवर्तन विभाग के एक–एक अभियंता की तैनाती की जाएगी, जिन अधिकारियों को यहां तैनात किया जाएगा, अवैध कब्जे को रोकने की जिम्मेदारी उनकी होगी। अगर इस दौरान भी किसी प्रकार का अवैध कब्जा हुआ तो संबंधित अधिकारी को दोषी मानकर कार्रवाई की जाएगी। मधुबन बापूधाम योजना में अवैध कब्जे के एक मामले में जीडीए उपाध्यक्ष ने जांच समिति बनाई है। योजना में सदरपुर गांव के खसरा संख्या–1739 पर अवैध कब्जे के मामले में डीएम ने जीडीए को जांच के आदेश दिए थे। इस खसरा नंबर को कुछ लोगों ने अधिग्रहण मुक्त करने की सिफारिश की थी। यहां जीडीए की जमीन पर अवैध निर्माण किया जा चुका है। योजना में कुछ लोगों ने प्राधिकरण की भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्माण भी कर लिया था।

**EDITORIAL**

# A health emergency: On risk of international spread of poliovirus

**Based** on the risk of international spread of poliovirus, the World Health Organization announced on January 7 that polio will continue to remain a Public Health Emergency of International Concern (PHEIC) for three months. The decision was taken based on the recommendation of the emergency committee under the international health regulations that assessed the situation last month. The committee arrived at the unanimous decision based on the "rising risk" of international spread of wild poliovirus type-1. Polio was declared as PHEIC in 2014 and has continued to remain one since then. There were 156 cases of wild polio type-1 cases in 2019 compared with 28 in 2018. With 128 cases, Pakistan accounted for the most number of cases, while Afghanistan reported 28 cases. Besides the four-fold increase in cases, there were instances of the wild type-1 virus getting exported from Pakistan to Iran and Afghanistan, as also on the spread from Afghanistan to Pakistan. In addition to the virus causing polio in children, it was found in the environment in Pakistan and, to a lesser extent, in Afghanistan. This is particularly a concern as the number of children not vaccinated in Afghanistan has been increasing. In 2018, a total of 8,60,000 children in Afghanistan did not receive polio vaccine due to security threats. The situation did not improve in 2019 and, as a result, a large cohort of children in the southern region of the country remains unprotected. Therefore, even other parts of the country that have been free of the virus in the past are at risk of outbreaks.

An equally disturbing development is on the outbreak of vaccine-derived poliovirus cases in 16 countries; in all, there were 249 vaccine-derived poliovirus cases in 2019. Surprisingly, of them, only 30 were in countries where vaccine-derived poliovirus is endemic. "The rapid emergence of multiple circulating vaccine-derived poliovirus type-2 strains in several countries is unprecedented and very concerning, and not yet fully understood," the committee noted. But, not a single case of vaccine-derived poliovirus was reported from Afghanistan, while Pakistan had just 12 cases. In comparison, the number of cases in Angola was 86 and the Democratic Republic of the Congo was 63. While Nigeria reported 18 cases of vaccine-derived poliovirus, not a single case of wild poliovirus type-1 has been reported from the country for over three years; the last reported case was in August 2016. A country is said to have eradicated polio when no new case of wild poliovirus is reported for three successive years. Nigeria is all set to be declared as having eradicated polio this year, and in turn, the entire African region will become free of wild poliovirus.

-By Dr. Dheeraj Kumar Bhargava

## People-friendly force a priority for new Ghaziabad SSP



**GHAZIABAD:** Active policing and friendly relations with residents will be two of the top priorities of Kalanidhi Naithani, a 2010-batch IPS officer, who took charge as the new SSP of Ghaziabad on Friday. Naithani was posted in Lucknow as the SSP before he was transferred to Ghaziabad in an abrupt reshuffle of senior cops on Thursday. To reduce crimes in the city, Naithani said his emphasis would be on strengthening the beat policing system and putting behind bars criminals active in Ghaziabad. "Currently, each area in the city has one constable exclusively assigned to it as a beat police officer. Now, I am going to appoint one head constable or sub-inspector as a beat in-charge at each police station. I am going to start with two police stations — Indirapuram (city) and Masuri (rural)," he said. The SSP said that all the beat in-charges will have to maintain a 'beat' register so as to record any crime or law-and-order problem in their respective police station areas, apart from details of all schools, colleges, market places, jewellery shops, liquor outlets and anti-social elements active there. "These beat in-charges will be given a separate mobile phone connection so that local residents can get in touch with them any time of the day. The aim is to curb crimes and fix accountability," he said, adding that additional SPs and circle officers would also be directed to monitor the beat in-charges and check the 'beat' registers. The SSP said he has already ordered all SHOs in the district to prepare a list of active criminals. "I will constitute a special team to arrest those criminals, particularly those involved in street and heinous crimes."

## Greater Noida: Legs amputated after cylinder explosion, man slips into coma

**GREATER NOIDA:** A 40-year-old driver with an engineering firm slipped into coma on Saturday after losing both his legs in a cylinder explosion at an under-construction factory in Greater Noida's Ecotech 1 (extension) area on Friday night. A worker at the site who was helping him unload the cylinder also lost a leg in the accident, police said. The accident took place around 8pm on Friday when Shreepat, who works for Vaishnavi Engineering Services, had gone to deliver two oxygen cylinders at the under-construction factory, owned by Creative Fashion, on plot number 75/3 in Ecotech 1 (extension). To unload the cylinders from the truck, Shreepat sought the help of Waseem, a welder at the site. "We sucessfully unloaded the first oxygen cylinder, but the second one exploded as soon as we kept it on the ground. The impact was such that both of us were thrown three -four feet away and we sustained serious injuries in the legs," Waseem said. Other workers present at the site immediately rushed Shreepat and Waseem to a nearby private hospital, where doctors had to amputate their legs to save their lives.

## Two killed, four injured in accident on GT Road near Noida

**GNOIDA:** An accident occurred on the GT Road in the Badlapur Kotwali area on Sunday, where a speeding truck collided with a car, killing two people, including a child. Four people, including a woman, were seriously injured, after the car fell into a ditch following the collision with the truck, confirmed police officials. The injured were taken to a nearby hospital where doctors declared the condition of two injured people as critical. After the accident, the accused truck driver escaped with the truck from the spot.

## Fire breaks out at ESI hospital in Noida

**NOIDA:** A fire broke out at the ESI hospital in in Noida on Thursday. At least six fire tenders are at the spot to douse the flames and carry out rescue operations. However, no casualties were reported in the incident. Following the blaze, patients and their attendants were evacuated from the hospital building. The blaze broke out in the basement of the seven-storey hospital building located in Sector 24, a police official said. Fire tenders were rushed to the spot after the Fire Department was alerted about it around 8am, the official said. The cause of the fire was yet to be ascertained.

## Delhi Metro to go slow over 2 Noida stations due to maintenance work

**NOIDA:** Delhi Metro trains will run slow between Noida Sector 61 and 52 stations due to maintenance work on the track along the route, the DMRC said on Friday. According to the Delhi Metro Rail Corporation (DMRC), the work on the two stations of the Blue Line that links Noida Electronic City and Dwarka Sector 21 will be carried out after service hours. It did not specify when will the normal speed of the trains be resumed. "Trains will continue to run with slow speed between Noida Sec 61 and Noida Sec 52 as maintenance is needed for track in this section, which will be carried out after service hours.

## A year after deadline, no tower completed in Shivalik Homes

**GREATER NOIDA:** Shivalik Homes 2, a 700-unit apartment complex in Noida Extension, was launched in 2015 with a completion and handover deadline of December 2018. Currently, however, the project is far from the finish line. The builder has sold around 300 units, but all the six towers of the complex are incomplete. "We were supposed to get our flats by December 2018. However, we did not get them even by December 2019. There has been a delay of a year. And the state in which the project is, makes us think that the builder will not be able to deliver it for next few years," said Shailendra Chaturvedi, a buyer. Umesh Kumar, another buyer, said: "Over 100 buyers from Shivalik Homes 2 went to UP-Rera and around 50 orders have already been issued in favour of buyers. Obviously, the builder has not acted on these orders and returned the amount paid. The project has not been sold completely and it seems that the builder is not being able to do the construction work because of funding issues."

# GDA officials skip first meet with Crossings residents

**GHAZIABAD:** Officials of Ghaziabad Development Authority (GDA) did not turn up for a meeting that they had convened at Crossings Republik last week. They, however, did not give any reason for skipping the first monthly meet in which local problems were to be discussed. The tripartite meeting of GDA officials, residents' bodies and the private consortium that provides and maintains basic amenities in the township was to be held on January 4. Other than the officials, all other stakeholders had turned up. Alok Kumar, founder, Federation of Apartment Owners' Association (FedAOA), said: "Last year in December, GDA officials had agreed to hold a tripartite meet on the fourth day of every month, starting from January, to address the problems faced by people of Crossings Republik. The decision was taken on December 23 and GDA had informed all stakeholders about it through an official letter." GDA, had said that homebuyers had been highlighting problems related to lack of maintenance in the area, despite paying for it to CIPL.

## Cops face action after party video goes viral

**GHAZIABAD:** A police officer was sent to the police lines on Friday after he was seen consuming alcohol inside a police station. Another officer who recorded a video of the incident and shared it on social media has also faced the action. In the two minute and 28 seconds-long clip, police personnel could be seen having liquor and snacks and cooking during a party. The duo have been identified as constable Kishore Kumar and head constable Subhash Thakeria, who had recorded the video.

# No DME connect, NPR to get NH-9 link on Hapur road

**GHAZIABAD:** The National Highways Authority of India (NHAI) has shot down Ghaziabad Develop ment Authority's (GDA) proposal to link the Northern Peripheral Road (NPR) with Greenfield Expressway (fourth phase of DME from Dasna to Meerut). However, in a meeting held on Tuesday between NHAI and GDA officials, the two agencies have agreed to link NPR to NH-9 on Dasna-Hapur route. This means that there will be a diversion of around a kilometre from the original route, but will cost GDA Rs 25 crore more. The estimated cost of 19 km NPR from Loni to Dasna has been pegged at Rs 490 crore. "The whole idea behind the plan to connect DME/NH-9 with NPR is to provide easy access to comm uters from Meerut to Delhi directly via Ghaziabad," said VN Singh, chief engineer, GDA. "In the process we explored a number of plans and one being connecting NPR via a loop on the DME section of Dasna-Meerut stretch, but the NHAI shot down this proposal," added Singh.

## In Greater Noida, new uniform signage rule to cut clutter

**GREATER NOIDA:** To make navigation in the city easy and visually pleasing, Greater Noida Industrial Development Authority (GNIDA) has decided to put up direction boards in a uniform shape and colour, and has notified a wayfinding signage policy on January 6 for the same. Noida does not have such a policy. According to the regulations, GNIDA's permission will be required to put up any wayfinding board within city limits. The body will pull down illegal hoardings and signage and replace them with authentic ones.

# 5 die as tractor stunt goes wrong, driver absconding

**GHAZIABAD:** Five persons died and two suffered fractures after the tractor-trolley in which they were travelling crashed into a concrete slab kept for metro construction work and turned turtle on NH-58. The accident occurred around 2.30am in Muradnagar area when the driver tried to show the passengers "some stunts". The deceased were identified as Durgesh (26), Amit (24), Kishan (37), Parvesh (21) all from Meerut and Chandan (45), who was from Saharanpur. Rahul and Johny, who were sitting beside the driver on the tractor, suffered fractures to the legs. Johny lost



